# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026

**24 March 2026**



Yesterday, Quiz:

**Q. महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 'किस स्तर पर' राज सखी स्टोर की शुरुआत की जाएगी।**

**(A) संभाग स्तर पर**

**(B) जिला स्तर पर**

**(C) पंचायत स्तर पर**

**(D) इनमें से कोई नही**

- राजस्थान बजट 2026-27 में महिलाओं के लिए की गई महत्त्वपूर्ण घोषणा की गई थी
- महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए 'संभाग स्तर पर' राज सखी स्टोर की शुरुआत की जाएगी।
- राजस्थान सरकार की पहल पर राज सखी स्टोर ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित उत्पादों को एक प्रमुख बाज़ार प्रदान करते हैं।
- राजीविका (RGAVP) के तहत, ये स्टोर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, आजीविका बढ़ाने और उनके उत्पादों को सीधे ग्राहकों व ऑनलाइन (अमेज़न/फ्लिपकार्ट) तक पहुँचाने का काम करते हैं।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन (रोपा) और प्रिंटर्स क्लब ऑफ इंडिया की ओर से सीतापुरा के जेईसीसी में 28 से 30 मार्च तक नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो आयोजित किया जाएगा

02. केंद्र सरकार की महिला अनुकूल ग्राम पंचायत पहल का असर प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। पंचायत अचीवमेंट इंडेक्स की रिपोर्ट में प्रदेश की 100 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है

03. राजस्थान स्टेट गैस को 'डायमंड अवार्ड स्मार्ट गैस डिस्ट्रीब्यूशन में आईटी आधारित तकनीक व नवाचार के लिए सम्मानित।

04. शिक्षा विभाग ने राजस्थान में बहुभाषी शिक्षा परियोजना शुरू की है जिसके तहत बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाएगा।

05. राजस्थान में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 (शनिवार) को आयोजित की गई।

01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान की महिला क्रिकेटर डिंपल कंवर का चयन इस वर्ष सीनियर वर्ग में प्रतिष्ठित सुंदर कांति जोशी अवॉर्ड के लिए हुआ है

(B) पुरस्कार समारोह 30 अप्रैल को सुंदर कांति जोशी की जयंती पर आयोजित होगा




सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान की महिला क्रिकेट में प्रतिष्ठित सुंदर कांति जोशी (एसकेजे) अवॉर्ड के लिए इस वर्ष सीनियर वर्ग में ऑलराउंडर डिंपल कंवर का चयन किया गया है.
- जूनियर वर्ग में तनिका शर्मा और सब-जूनियर वर्ग में रोशेल यादव को इस सम्मान से नवाजा जाएगा. सत्तर के दशक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुकी पूर्व क्रिकेटर आशा श्रीवास्तव को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा.
- पुरस्कार समारोह 3 अप्रैल को सुंदर कांति जोशी की जयंती पर आयोजित होगा. इस वर्ष पुरस्कार राशि में भी बढ़ोतरी की गई है. सीनियर वर्ग की विजेता को 21 हजार रुपए, जूनियर को 15 हजार और सब-जूनियर को 11 हजार रुपए की नकद राशि दी जाएगी.

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) पाली कृषि विज्ञान केंद्र ने केंचुआ पसीना से वर्मी वाष्प तैयार की है

(2) केंचुआ पसीना' न केवल पौधों को कीटों से बचाएगा, बल्कि बंजर होती मिट्टी को भी नया जीवन देगा

सही विकल्प चुनें



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान के जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग एवं ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर (AIWC) के मध्य एक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

राज्य के पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य में यह एमओयू हुआ।

यह समझौता शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ अधिकारियों, नीति निर्माताओं एवं अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के नए अवसर प्रदान करेगा।

**03. राजस्थान में फिक्की फ्लो (FICCI Ladies Organisation, FLO) द्वारा माइंडफुलनेस समिट विद चेंज ऑफ गार्ड' नामक कार्यक्रम का आयोजन कहां किया गया?**

**(A) जयपुर**

**(B) उदयपुर**

**(C) जोधपुर**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

- राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में फिक्की फ्लो (FICCI Ladies Organisation, FLO) द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 21 मार्च को 'माइंडफुलनेस समिट विद चेंज ऑफ गार्ड' नामक इस कार्यक्रम में प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।
- कार्यक्रम में माइंडफुलनेस और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी चर्चा की गई
- इस समिट का उद्देश्य महिलाओं को न केवल मानसिक रूप से मजबूत बनाना था, बल्कि उन्हें अपने करियर और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित करना भी था

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर ने जेरियाट्रिक केयर असिस्टेंट (वृद्धावस्था देखभाल सहायक) के लिए 1 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की

(B) इसमें 144 घंटे सैद्धांतिक एवं 1152 घंटे व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण शामिल रहेगा

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- देश में तेजी से बढ़ रही वृद्धजन आबादी और उनकी विशेष स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेरियाट्रिक केयर असिस्टेंट (वृद्धावस्था देखभाल सहायक) के लिए 1 वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की है।
- यह कोर्स आयुर्वेद आधारित समग्र देखभाल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा।
- संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने बताया कि यह पाठ्यक्रम न केवल प्रशिक्षित बल्कि संवेदनशील केयर असिस्टेंट तैयार करेगा, जो वृद्धजनों की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक देखभाल में दक्ष होंगे।
- इसमें 144 घंटे सैद्धांतिक एवं 1152 घंटे व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण शामिल रहेगा।

**05. राजस्थान में देश की पहली ऐसी ग्राम पंचायत कौनसी है जो कार्बन क्रेडिट के माध्यम से आय अर्जित करेगी।?**

(A) कोटकासिम

(B) पिपलांत्री

(C) दादिया

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राजस्थान के राजसमंद जिला की ग्राम पंचायत पिपलांत्री एक नई मिसाल पेश करने जा रही है।

यह पंचायत न केवल जिले बल्कि देश की पहली ऐसी ग्राम पंचायत बनने की ओर अग्रसर है, जो कार्बन क्रेडिट के माध्यम से आय अर्जित करेगी।
पिपलांत्री पंचायत पहले से ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपने नवाचारों के लिए जानी जाती है।

अब कार्बन क्रेडिट के जरिए पंचायत अपनी हरित गतिविधियों को आर्थिक लाभ से जोड़ने जा रही है। इस पहल से न केवल पर्यावरण को फायदा होगा, बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# Sujas E-QUIZ

जयपुर, शनिवार, 21 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-31

1. **प्रधानमंत्री** फसल बीमा योजना के तहत, कटाई के बाद खेत में सुखाने के लिए रखी गई फसल अधिकतम कितने दिनों तक प्राकृतिक आपदाओं से खराब होने पर बीमा कवरेज में शामिल होती है?
   (A) 7 दिन (B) 10 दिन
   (C) 14 दिन (D) 21 दिन

2. **बेमौसम** बारिश, ओलावृष्टि या चक्रवात से फसल खराब होने पर बीमित किसानों को कितने समय के भीतर नुकसान की सूचना देना अनिवार्य है?
   (A) 24 घंटे
   (B) 48 घंटे
   (C) 72 घंटे
   (D) 7 दिन

3. **फसल** खराबे की त्वरित सूचना दर्ज करवाने के लिए कृषि रक्षक पोर्टल के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर क्या है?
   (A) 1551 (B) 181
   (C) 104 (D) 14447

4. **प्रधानमंत्री** सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए हाल ही में राज्य स्तर पर राजकीय चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में किस सीएचसी को प्रथम पुरस्कार मिला है?
   (A) भीनमाल सीएचसी
   (B) मेड़ता सीएचसी
   (C) सुमेरपुर सीएचसी
   (D) फलोदी सीएचसी

5. **राजस्थान** दिवस 2026 पर राज्य स्तरीय भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कहां किया गया?
   (A) जवाहर कला केंद्र, जयपुर
   (B) अल्बर्ट हॉल, जयपुर
   (C) सोनार किला, जैसलमेर
   (D) मेहरानगढ़ दुर्ग, जोधपुर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. राजस्थान में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत कब आयोजित की गई।?**

(A) 14 मार्च

(B) 15 मार्च

(C) 19 मार्च

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine